UFDC

Destination Uttarakhand

"Where Nature Meets Cinematic Magic"

उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024

हिन्दी

English





संदेश

उत्तराखण्ड राज्य में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नए आयामों को स्थापित करने के प्रयास लगातार जारी हैं। हमारे प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थल इसे फिल्मों की शूटिंग के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं। हिमालय की बर्फीली चोटियाँ, हरे-भरे वन क्षेत्र, ऐतिहासिक स्थल, उत्तराखण्ड में विविधता से भरपूर लोकेशंस राज्य में फिल्म निर्माण के लिए एक शानदार पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हैं। प्रदेश में शूटिंग के लिए कई नए शूटिंग डेस्टिनेशन भी विकसित हुए हैं। अब प्रदेश में अच्छी कनेक्टिविटी तथा आवास की बेहतर व्यवस्थायें उपलब्ध है।

प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 को लागू किया है। उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 के तहत, हिंदी और संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित अन्य भाषाओं की फिल्मों पर प्रदेश में व्यय की गई कुल राशि का 30% या अधिकतम ₹ 3 करोड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश में गढ़वाली, कुमाउँनी और जौनसारी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को प्रोत्साहन मिले इसलिये इन भाषाओं की फिल्मों के लिए सब्सिडी के विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे स्थानीय भाषाओं में भी गुणवत्तापूर्ण फिल्मों का निर्माण हो सके। प्रदेश की क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों के लिए यह अनुदान राशि प्रदेश में व्यय के आधार पर 50% तक या अधिकतम ₹ 2 करोड़ तक प्रदान की जा रही है।

हमारी फिल्म नीति में विदेशी फिल्मों और ₹ 50 करोड़ से अधिक बजट की फिल्मों के लिए भी प्रदेश में व्यय राशि का 30% या अधिकतम ₹ 3 करोड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, ओटीटी रिलीज और वेब सीरीज़ को भी इस नीति में शामिल कर सब्सिडी देने की व्यवस्था की गई है। इससे प्रदेश में फिल्म निर्माण का इकोसिस्टम सशक्त होगा और अधिक से अधिक निर्माता और निर्देशक यहां की ओर आकर्षित होंगे। फिल्म निर्माताओं के लिए प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति प्रदान की जा रही है, इससे अनुमति की प्रक्रिया आसान और त्वरित हो गई है।

फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रशिक्षण और नई प्रतिभाओं को उभारने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। इस नई नीति के तहत, हम '**3टी**' यानी टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के तीनों पक्षों पर बल देते हुए एक संपूर्ण इकोसिस्टम बना रहे हैं, जो न केवल फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को भी विशेष अवसर प्रदान करेगा। फ़िल्म नीति और नयी सेवा क्षेत्र नीति के अंतर्गत फिल्म एवं मीडिया प्रोत्साहन के लिए फ़िल्म सिटी, फ़िल्म संस्थानों, नये शूटिंग स्टूडियो, नये पोस्ट प्रोडक्शन हाउस, नये सिनेमाघरों की स्थापना को सम्मिलित किया गया है।

राज्य सरकार फिल्म निर्माण से जुड़े हर क्षेत्र में सहयोग करने और इसे और आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड देश-विदेश के फिल्म निर्माताओं के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनकर उभरेगा और यहां की खूबसूरती और विविधता को विश्व मंच पर प्रदर्शित करेगा।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024

राज्यपाल, प्रदेश में फिल्म निर्माण हेतु अवस्थापना विकास, शूटिंग स्थलों का निर्माण, फिल्म निर्माण एवं प्रदर्शन के माध्यम से रोजगार, पर्यटन के महत्त्व को बढ़ाने एवं क्षेत्रीय फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करने, निजी क्षेत्र से पूंजी निवेश को आकर्षक बनाने के लिए वर्तमान में उत्तराखण्ड फिल्म निति 2015 (समय-समय पर यथासंशोधित) को पूर्णत: अधिक्रमित करते हुए, उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 लागू किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात :

1. संक्षिप्त नाम एवं परिचय

इस नीति का संक्षिप्त नाम "उत्तराखण्ड फिल्म नीति-2024" है।

2. प्रस्तावना

"उत्तराखण्ड फिल्म नीति-2024" सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड के अधीन गठित उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद (UFDC) द्वारा क्रियान्वित की जायेगी। इस नीति में उत्तराखण्ड राज्य में देश-विदेश से फिल्म निर्माता/निर्देशकों को शूटिंग हेतु आकर्षित करने, फिल्म उद्योग में अवस्थापना सुविधाओं का विकास करते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय के साधन सृजित करने, क्षेत्रीय फिल्म जगत को मजबूती प्रदान करने एवं पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने, फिल्मों को अनुदान, फिल्म पुरस्कार-सम्मान, उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोलियों में बनने वाली फिल्मों एवं कलाकारों को प्रोत्साहन एवं एकल खिड़की व्यवस्था (Single Window System) जैसे विषयों का समावेश किया गया है।

3. उद्देश्य

3(1) उत्तराखण्ड में फिल्मों तथा फिल्म उद्योग के माध्यम से स्थानीय रोजगार सृजित करना और उनका संवर्धन करना

3(2) फिल्म उद्योग के माध्यम से उत्तराखण्ड में अतिरिक्त पूंजी निवेश आकर्षित करना।

3(3) नये शूटिंग स्थलों तथा फिल्म शूटिंग हेतु अवस्थापना सुविधाओं का विकास करते हुए उत्तराखण्ड राज्य को फिल्म शूटिंग हेतु महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में विकसित करना।

3(4) उत्तराखण्ड के कलाकारों को राज्य में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु, इस दिशा में प्रोत्साहित करना।

3(5) उत्तराखण्ड के युवाओं हेतु फिल्म निर्माण/ऑडियो वीडियो कंटेंट के क्षेत्र में रोजगार हेतु प्रशिक्षित किये जाने हेतु संबंधित पाठ्यक्रम को प्रोत्साहित करना।

3(6) फिल्म उद्योग के माध्यम से प्रदेश में पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत एवं पुरातत्व धरोहर आदि के महत्व को बढ़ाने के साथ-साथ इनका प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना।

3(7) पर्वतीय क्षेत्रों में नये सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स एवं मोबाइल थिएटर की स्थापना को प्रोत्साहित करना।

3(8) उत्तराखण्ड में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिल्म सिटी, फिल्म प्रोडक्शन स्टूडियो, पोस्ट प्रोडक्शन स्टूडियो, फिल्म एवं कंटेंट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना को प्रोत्साहित करना।

3(9) उत्तराखण्ड में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने हेतु उत्तराखण्ड में फिल्माई गई क्षेत्रीय एवं अन्य भाषाओं की फिल्मों के कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार प्रदान करना।

3(10) विदेशी, हिन्दी एवं अन्य भाषाओं की फिल्मों को उत्तराखण्ड राज्य में शूटिंग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समुचित अनुदान प्रदान करना।

3(11) उत्तराखण्ड राज्य की स्थानीय बोली और स्थानीय/क्षेत्रीय फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय कलाकारों एवं फिल्मों को प्रोत्साहित करने के लिए समुचित अनुदान प्रदान करना।

3(12) फिल्म पाठ्यक्रम के राज्य के प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना।

3(13) फिल्म निर्माताओं को राज्य में फिल्म शूटिंग एवं नए शूटिंग डेस्टिनेशन को चिन्हित करने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करना।

नैनी झील, नैनीताल

एफ.आर.आई, देहरादून

4. परिभाषाएं

4(1) 'फिल्म' की परिभाषा वही होगी, जो चलचित्र अधिनियम, 1952 में दी गयी है।

4(2) 'परिषद' से 'उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद' (UFDC) से अभिप्रेत है।

4(3) 'सरकार' से 'उत्तराखण्ड सरकार' से अभिप्रेत है।

4(4) 'कार्यकारी मण्डल' से 'फिल्म विकास परिषद का कार्यकारी मण्डल' से अभिप्रेत है।

4(5) पोस्ट प्रोडक्शन से फिल्म की शूटिंग उपरांत फिल्म में की जाने वाली वीडियो एडिटिंग, साउंड एडिटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, SFX कलर करेक्शन, ग्रेडिंग, DI, VFX, डबिंग, मास्टरिंग और फिल्म के फाइनल आउटपुट फाइल आदि से अभिप्रेत है।

4(6) 'ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म' से सशुल्क सदस्यता एवं सब्स्क्राइबरशिप के आधार पर फीचर फिल्म, वेब सीरीज एवं अन्य ऑडियो वीडियो कंटेंट इत्यादि का इंटरनेट के माध्यम से टीवी, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, टेबलेट (multiple device availability) इत्यादि पर स्ट्रीमिंग के प्लेटफार्म से अभिप्रेत है। इस नीति के अंतर्गत अनुमन्य 'ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म' का निर्धारण परिषद द्वारा समय समय पर किया जायेगा। उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय भाषाओं के 'ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म' के चयन में प्लेटफार्म का निर्धारण समय समय पर परिषद द्वारा अनुमन्य किया जायेगा।

ऋषिकेश

4(7) 'वेब सीरीज़' से किसी धारावाहिक की एक श्रृंखला का ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारण करना अभिप्रेत है। टीवी सीरियल्स से राष्ट्रीय स्तर के ब्रॉडकास्टिंग टीवी चैनल्स पर प्रसारित होने वाले धारावाहिकों की श्रृंखला अभिप्रेत है।

4(8) 'सिनेमाघर' से वह स्थान जहां नियमित रूप से सिनेमा दिखाया जाता हो, अभिप्रेत है।

4(9) 'मल्टीप्लेक्स' से वह स्थान जहां एक ही स्थान पर एक से अधिक फिल्म स्क्रीन हो, तथा नियमित रूप से सिनेमा दिखाया जाता हो, अभिप्रेत है।

4(10) 'मोबाइल थिएटर' से तात्पर्य वह वाहन जिसमें/जिसके द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर सिनेमा दिखाया जाता हो, अभिप्रेत है।

4(11) 'फिल्म एवं ऑडियो वीडियो कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण संस्थान' से वह स्थान या संस्थान जहां फिल्म एवं टेलिविजन से संबंधित विषयों/कंटेंट निर्माण पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हो, अभिप्रेत है।

4(12) हिन्दी एवं अन्य भाषाओं से भारत का संविधान के 8वीं अनुसूची में उल्लिखित भाषा अभिप्रेत है।

4(13) 'उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोली' से उत्तराखण्ड राज्य में बोली जाने क्षेत्रीय बोलियां अभिप्रेत है। फिल्म निर्माण की इस नीति के सन्दर्भ में उत्तराखण्ड की फिल्मों में बोली गई अनुमन्य क्षेत्रीय भाषाओं का निर्धारण समय समय पर परिषद द्वारा किया जायेगा।

4(14) 'महानिदेशक' से विभागाध्यक्ष सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद अभिप्रेत है।

4(15) फीचर फिल्म से 70मिनट या अधिक समयावधि की फिल्म अभिप्रेत है (फिल्म क्रेडिट सहित)

4(16) लघु फिल्म से 30 मिनट तक की अधिकतम समयावधि की फिल्म अभिप्रेत है। (फिल्म क्रेडिट सहित)

4(17) डाक्यूमेंट्री फिल्म से एक गैर काल्पनिक (नॉन फिक्शन) फिल्म से है, जिसका उद्देश्य वास्तविक घटनाओं/ परिस्थितियों का दस्तावेजीकरण करना है तथा यह मुख्य रूप से पर्यावरण, शैक्षिक, ऐतिहासिक घटनाओं के चित्रण अथवा निर्देशात्मक उद्देश्य के लिए बनाई गई हो, अभिप्रेत है। डाक्यूमेंट्री की समय सीमा न्यूनतम 20 मिनट (क्रेडिट सहित) और लघु डाक्यूमेंट्री की समय सीमा अधिकतम 15 मिनट(क्रेडिट सहित) होगी।

4(18) वीडियो ब्लॉग से तात्पर्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाला ऑडियो वीडियो कंटेंट, जिसके माध्यम से उत्तराखण्ड के पर्यटन, संस्कृति को प्रोत्साहन मिले अभिप्रेत है।

4(19) कंटेंट से ऑडियो वीडियो फिल्म, गीत संगीत, गेमिंग इत्यादि अभिप्रेत है।

5. फिल्म उद्योग हेतु अवस्थापना विकास

5.(क) प्रदेश में फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा एक या एक से अधिक राजकीय एवं निजी फिल्म सिटी की स्थापना पर कार्य किया जायेगा। इस दिशा में औद्योगिक विकास विभाग की सुसंगत नीतियों के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों का भी समुचित उपयोग प्रोत्साहित किया जायेगा।

5.(ख) उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में नये सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स, मोबाइल थिएटर, पोस्ट प्रोडक्शन स्टूडियो तथा प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म उद्योग को मजबूत करना है। फिल्म उद्योग को मजबूती प्रदान करने हेतु निम्नानुसार अनुदान/वित्तीय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

श्रेणी	वित्तीय सहायता/अनुदान	पात्रता
5. (1) नये सिनेमाघर एवं नये मल्टीप्लेक्स।	(क) पर्वतीय क्षेत्रों के नये सिनेमाघर एवं नये मल्टीप्लेक्स में प्रयोग होने वाले सिनेमा सम्बंधित उपकरणों के क्रय पर होने वाले व्यय का 25 प्रतिशत या अधिकतम ₹ 25 लाख तक, जो भी कम हो।	1. पात्र पर्वतीय क्षेत्रों का चयन, क्षेत्र की परिस्थितियों के आंकलन के आधार पर परिषद् द्वारा किया जायेगा। 2. वित्तीय सहयोग की धनराशि, संबंधित व्यक्ति/फर्म/कंपनी/संस्थान को एक बार ही अनुमन्य होगी। 3. अनुदान की धनराशि नये सिनेमाघर के पूर्ण होने पर दी जायेगी। 4. अनुदान के लिए सिनेमाघर एवं मल्टीप्लेक्स में प्रयुक्त होने वाले क्रय उपकरणों की आवश्यकता का आंकलन उनकी प्राथमिकता एवं उपयोगिता के आधार पर परिषद् द्वारा किया जायेगा। 5. उपकरण क्रय करने पर हुए व्यय से सम्बन्धित बीजक (जी.एस.टी.सहित) उपलब्ध कराना होगा। 6. यह अनुदान प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर परिषद द्वारा नियुक्त प्राधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट के भौतिक सत्यापन के उपरांत ही प्रदान किया जायेगा। 7. अनुदान के लिए सम्पूर्ण व्यय के सापेक्ष 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिजिटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 8. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित होने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय,कुल व्यय के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।

श्रेणी	वित्तीय सहायता/अनुदान	पात्रता
5.(2) नये मोबाइल थिएटर।	(क) पर्वतीय क्षेत्रों में नयेमोबाईल थियेटर वाहन के क्रय पर होने वाले व्यय का 25 प्रतिशत या अधिकतम ₹ 25 लाख तक, जो भी कम हो।	1. पात्र पर्वतीय क्षेत्रों का चयन क्षेत्र की परिस्थितियों के आंकलन के आधार पर परिषद् द्वारा किया जायेगा। 2. वित्तीय सहयोग की धनराशि संबंधित व्यक्ति/फर्म/कंपनी/संस्थान को एक बार ही अनुमन्य होगी। 3. अनुदान की धनराशि नये मोबाइल थिएटर क्रय करने पर दी जायेगी। 4. अनुदान के लिए मोबाइल थिएटर में प्रयुक्त वाहन, स्क्रीन व् अन्य उपकरणों के लिए अनुमन्य मानकों का निर्धारण समय-समय पर परिषद द्वारा किया जायेगा। 5. मोबाइल थिएटर वाहन क्रय करने पर हुए व्यय से सम्बन्धित बीजक (जी.एस.टी.सहित) उपलब्ध कराना होगा। 6. यह अनुदान प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर परिषद द्वारा नियुक्त प्राधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट के भौतिक सत्यापन के उपरांत ही प्रदान किया जायेगा। 7. अनुदान के लिए सम्पूर्ण व्यय के सापेक्ष 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिजिटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 8. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित होने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु, किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय कुल व्यय के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।

हेमकुण्ड साहिब

HIMSHRRI
FILMS
KAPHAL

श्रेणी	वित्तीय सहायता/अनुदान	पात्रता
5.(3) पोस्ट प्रोडक्शन स्टूडियो हेतु वित्तीय अनुदान।	(क) नये पोस्ट प्रोडक्शन स्टूडियो में प्रयोग होने वाले उपकरणों के क्रय पर होने वाले व्यय का 25 प्रतिशत या अधिकतम ₹ 25 लाख तक, जो भी कम हो।	1. अनुदान के लिए प्रयुक्त उपकरणों का आंकलन उनकी प्राथमिकता एवं उपयोगिता के आधार पर परिषद् द्वारा किया जायेगा। 2. वित्तीय सहयोग की धनराशि संबंधित व्यक्ति/फर्म/कंपनी/संस्थान को एक बार ही अनुमन्य होगी। 3. यह अनुदान की धनराशि नये पोस्ट प्रोडक्शन स्टूडियो के पूर्ण होने पर दी जायेगी। 4. उपकरण क्रय करने पर हुए व्यय से सम्बन्धित बीजक (जी.एस.टी.सहित) उपलब्ध कराना होगा। 5. यह अनुदान प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर परिषद द्वारा नियुक्त प्राधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट के भौतिक सत्यापन के उपरांत ही प्रदान किया जायेगा। 6. अनुदान के लिए सम्पूर्ण व्यय के सापेक्ष 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिजिटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 7. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित होने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे। 8. यह अनुदान देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल जनपदों को प्रतिवर्ष 2-2 स्टूडियो तथा अन्य जनपदों में प्रतिवर्ष 1-1 स्टूडियो के लिये पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रदान किया जायेगा।

5.(4) फिल्म एवं कंटेंट प्रशिक्षण संस्थान

नये फिल्म एवं कंटेंट प्रशिक्षण संस्थान हेतु, उत्तराखण्ड के विश्वविद्यालय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कूल ऑफ सिनेमेटिक स्टडीज़ की स्थापना करते हुए फिल्म एवं कंटेंट शिक्षा पर पाठ्यक्रम प्रोत्साहित किए जायेंगे। प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर पाठ्यक्रम डिजाइन किए जायेंगे। पाठ्यक्रम में आने वाले समय में फिल्म उद्योग की मांग के अनुरूप हो और सिनेमा के विविध आयामों को समावेशित करने वाला हो, इस पर विशेष जोर दिया जायेगा। जिससे स्थानीय युवाओं व कलाकारों की दक्षता में वृद्धि होगी। राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा राज्य में फिल्म प्रशिक्षण संस्थानों, कंटेंट क्रिएशन एवं फिल्म उद्योग के जुड़े पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

श्रेणी	वित्तीय सहायता/अनुदान	पात्रता
5.(5)A) नये फिल्म एवं कंटेंट प्रशिक्षण संस्थान हेतु वित्तीय अनुदान।	(क) नये फिल्म एवं कंटेंट प्रशिक्षण संस्थान में स्टूडियो निर्माण तथा प्रयोग होने वाले उपकरणों के क्रय हेतु 25 प्रतिशत तक या ₹ 50 लाख तक, जो भी कम हो।	1. फिल्म एवं कंटेंट प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रम, राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा वैध डिप्लोमा, प्रमाणपत्र, डिग्री देने हेतु अधिकृत होना चाहिए। 2. जिसमें फिल्म एवं कंटेंट निर्माण से संबंधित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे फिल्म डायरेक्शन, स्टोरी, स्क्रीनप्ले, डायलॉग राइटिंग, फिल्म प्रोडक्शन, एक्टिंग, मेकअप, सिनेमेटोग्राफी, साउंड रिकॉर्डिंग एवं साउंड इंजीनियरिंग, पोस्ट प्रोडक्शन (ऑडियो/वीडियो एडिटिंग, एनीमेशन, VFX, ग्रेडिंग, DI, डबिंग, म्यूजिक रिकॉर्डिंग) व फिल्म एवं कंटेंट निर्माण में संचालित होने वाले विभिन्न तकनीकी उपकरणों के पाठ्यक्रम आदि सम्मिलित होने चाहिए। 3. अनुदान प्रदान करने के उपरांत संस्थान को तीन वर्ष तक संचालित करना अनिवार्य होगा। इस आशय का शपथ पत्र विभाग में जमा कराना होगा। 4. अनुदान के लिए क्रय किये गए उपकरणों का आंकलन उनकी प्राथमिकता एवं उपयोगिता के आधार पर उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद् द्वारा किया जायेगा। 5. यह अनुदान नये संस्थान के पूर्ण होने पर परिषद द्वारा नियुक्त प्राधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट के भौतिक सत्यापन के उपरांत ही प्रदान किया जायेगा। 6. अनुदान के लिए सम्पूर्ण व्यय के सापेक्ष 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिजिटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 7. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित होने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय सम्पूर्ण व्यय के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।

6. फिल्मों को अनुदान

उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा राज्य में फिल्मों की शूटिंग को प्रोत्साहित करने व स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, राज्य की आय में वृद्धि तथा स्थानीय फिल्मों एवं कलाकारों को बढ़ावा दिये जाने के दृष्टिगत प्रोत्साहन स्वरूप फिल्मों को अनुदान/वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी, जो निम्नानुसार होगी।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
6. (1) उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोलियां।	(क) फिल्म शूटिंग की अवधि के दौरान राज्य में व्यय की गई धनराशि का 50 प्रतिशत या ₹ 2 करोड़ तक, जो भी कम हो तक की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ख) बाल फिल्मों के लिए अनुमन्य अनुदान राशि की अतिरिक्त 10% प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। (ग) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जायेगा।	1. फिल्म का 75 प्रतिशत फिल्मांकन (शूटिंग) उत्तराखण्ड राज्य में किया जाना आवश्यक है, तथा फिल्म का 75 प्रतिशत स्क्रीन टाइम उत्तराखण्ड राज्य में की गई शूटिंग का होना चाहिए। 2. फिल्म की शूटिंग में न्यूनतम 4K रेजूलेशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता डॉल्बी डिजिटल अथवा उच्चतर होनी चाहिए। 3. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) का प्रमाण पत्र आवश्यक है। 4. परिषद द्वारा निर्गत अनुमति पत्र। 5. फिल्म की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना होगा। 6. फिल्म का प्रदर्शन कम से कम 5 सिनेमा स्क्रीन में होना आवश्यक है। (OTT पर प्रसारित फिल्मों को छोड़कर) जिसका प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। 7. फिल्म को अनुदान फिल्म के निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा। 8. परिषद द्वारा अनुमोदित OTT पर प्रसारित फिल्में भी अनुदान हेतु पात्र होंगी, किन्तु संबंधित निर्माता/ कम्पनी को OTT प्लेटफार्म के साथ सम्पादित अनुबंध-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
		9. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। 10. अनुदान के लिए राज्य में हुए फिल्म प्रोडक्शन पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। फिल्म निर्माण पश्चात फिल्म पर हुए मार्केटिंग, प्रमोशन (प्रचार प्रसार) एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 11. फिल्म अनुदान के लिए सम्पूर्ण फिल्म व्यय के सापेक्ष, फिल्म व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिजिटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 12. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित होने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा,परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय फिल्म निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।
6.(2) हिन्दी तथा भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में उल्लेखित भाषा की फिल्में।	(क) फिल्म शूटिंग की अवधि के दौरान राज्य में व्यय की गई धनराशि का 30% या ₹ 3 करोड़ तक, जो भी कम हो की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ख) बाल फिल्मों के लिए अनुमन्य अनुदान राशि की अतिरिक्त 10% प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। (ग) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जायेगा। (घ) जिन फिल्म निर्माताओं द्वारा, परिषद द्वारा निर्धारित राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के नये शूटिंग	1. फिल्म का 75 प्रतिशत फिल्मांकन (शूटिंग) उत्तराखण्ड राज्य में किया जाना आवश्यक है, तथा फिल्म का 75 प्रतिशत स्क्रीन टाइम उत्तराखण्ड राज्य में की गई शूटिंग का होना चाहिए। 2. फिल्म की शूटिंग में न्यूनतम 4K रेजुलेशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता डॉल्बी डिजिटल अथवा उच्चतर होनी चाहिए। 3. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) का प्रमाण पत्र आवश्यक है। 4. परिषद द्वारा निर्गत अनुमति पत्र। 5. फिल्म की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 6. फिल्म का प्रदर्शन कम से कम 50 सिनेमा स्क्रीन में एक सप्ताह तक होना आवश्यक है। (OTT पर प्रसारित फिल्मों को छोड़कर) जिसका प्रमाण-पत्र

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
	लोकेशंस में कम से कम 7 दिन फिल्म की शूटिंग की जायेगी, ऐसे फिल्म निर्माता को अन्य सभी सुसंगत शर्तों के अनुपालन के उपरांत अनुमन्य अनुदान का 5% अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा। (ङ) नए शूटिंग लोकेशंस का चयन परिषद द्वारा पर्यटन विभाग की सलाह से किया जायेगा। (च) फिल्म में उत्तराखण्ड के लोकेशंस के वास्तविक नाम प्रयोग करने पर अनुमन्य अनुदान का 5% अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा। (छ) हिन्दी एवं अन्य भाषा की भारतीय फिल्मों में पांच मुख्य अभिनेताओं/अभिनेत्रियों में से उत्तराखण्ड के एक स्थायी निवासी एक या उससे अधिक अभिनेताओं/ अभिनेत्रियों को मुख्य अभिनय हेतु शामिल किया जाता है, तो उस अभिनेता/ अभिनेत्री को सम्मिलित रूप से किये गए वास्तविक भुगतान या 10 लाख तक जो भी कम हो अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा, इस दिशा में पात्रता एवं अनुमन्यता हेतु परिषद का निर्णय अंतिम होगा। (ज) हिन्दी एवं अन्य भाषा की भारतीय फिल्मों के निर्माण में पांच मुख्य श्रेणियों 1. सिनेमेटोग्राफी 2. आर्ट डायरेक्शन	अथवा ऐसा कोई भी अभिलेख जिसे परिषद उचित समझे, उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। 7. फिल्म को अनुदान, फिल्म के निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा। 8. परिषद द्वारा अधिसूचित OTT पर प्रसारित फिल्में भी अनुदान हेतु पात्र होंगी, किन्तु संबंधित निर्माता/ कम्पनी को OTT प्लेटफार्म के साथ सम्पादित अनुबंध-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। 9. उत्तराखण्ड के कलाकार/तकनीशियन होने की दशा में स्थाई निवास प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होगा। 10. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। 11. अनुदान के लिए राज्य में शूट हुई फिल्मों पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। फिल्म निर्माण पश्चात फिल्म पर हुए मार्केटिंग, प्रमोशन (प्रचार प्रसार) एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 12. फिल्म अनुदान के लिए सम्पूर्ण फिल्म व्यय के सापेक्ष, फिल्म व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिज़िटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 13. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित करने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय फिल्म निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
	3. साउंड डायरेक्शन/इंजीनियरिंग, 4. म्यूजिक डायरेक्शन 5. एडिटिंग में उन तकनीशियनों को शामिल किया जाता है, जो उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी हों तो, अधिकतम पांच तकनीशियनों को सम्मिलित रूप से किये गये वास्तविक भुगतान या 10 लाख तक जो भी कम हो अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा, इस दिशा में पात्रता एवं अनुमन्यता हेतु परिषद का निर्णय अंतिम होगा।	
6.(3) राज्य में शूट की जाने वाली 50 करोड़ या उससे अधिक के बजट की फिल्में।	(क) राज्य में शूट की जाने वाली वह फिल्में जिन का बजट 50 करोड़ या इससे अधिक हो, तथा जिन्होंने राज्य में न्यूनतम 3 करोड़ से अधिक व्यय किया हो, राज्य में की गयी शूटिंग लोकेशंस को फिल्म में यथोचित प्रकार से दिखाया गया हो, उन फिल्मों को राज्य में किये गए व्यय का 30% या 3 करोड़ तक जो भी कम हो तक की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ख) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जायेगा।	1. फिल्म की शूटिंग में न्यूनतम 4K रेजुलेशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता डॉल्बी डिजिटल अथवा उच्चतर होनी चाहिए। 2. फिल्म शूटिंग हेतु केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) का प्रमाण पत्र। 3. परिषद द्वारा निर्गत शूटिंग अनुमति पत्र। 4. विदेशी फिल्म की शूटिंग हेतु भारत सरकार से अनुमति पत्र अपेक्षित होगा। 5. फिल्म की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना होगा। 6. फिल्म का प्रदर्शन कम से कम 50 सिनेमा स्क्रीन में एक सप्ताह तक होना आवश्यक है। (OTT पर प्रसारित फिल्मों को छोड़कर) जिसका प्रमाण-पत्र अथवा ऐसा कोई भी अभिलेख जिसे परिषद उचित समझे, उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। 7. फिल्म का अनुदान, फिल्म के निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
		8. परिषद द्वारा अधिसूचित OTT पर प्रसारित फिल्में भी अनुदान हेतु पात्र होंगी, किन्तु संबंधित निर्माता/ कम्पनी को OTT प्लेटफार्म के साथ सम्पादित अनुबंध-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। 9. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। 10. अनुदान के लिए राज्य में हुए फिल्म प्रोडक्शन पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। फिल्म निर्माण पश्चात फिल्म पर हुए मार्केटिंग, प्रमोशन (प्रचार प्रसार) एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 11. फिल्म अनुदान के लिए सम्पूर्ण फिल्म व्यय के सापेक्ष, फिल्म व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिज़िटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 12. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित करने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय फिल्म निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।
6.(4) विदेशी भाषा की फिल्में।	(क) राज्य में शूट की जाने वाली विदेशी भाषा की फिल्में जिन्होंने न्यूनतम ₹ 3 करोड़ से अधिक व्यय किया हो, राज्य में की गयी शूटिंग लोकेशंस को फिल्म में यथोचित प्रकार से दिखाया गया हो। राज्य में व्यय की गयी धनराशि का 50 प्रतिशत या 3 करोड़ तक जो भी कम हो, की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है।	1. भारत सरकार से निर्गत शूटिंग का यथोचित अनुमति पत्र। 2. परिषद द्वारा निर्गत अनुमति पत्र। 3. उत्तराखण्ड में फिल्म की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना होगा। 4. फिल्म की शूटिंग में न्यूनतम 4K रेजुलेशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता डॉल्बी डिजिटल अथवा उच्चतर होनी चाहिए। 5. उन्हीं फिल्मों को अनुदान हेतु पात्र समझा जायेगा, जो संबंधित देश या अन्य देशों में 50 से अधिक सिनेमा

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
	(ख) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जायेगा। (ग) फिल्म में उत्तराखण्ड के लोकेशंस के वास्तविक नाम प्रयोग करने पर अनुमन्य अनुदान का 5% अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा।	स्क्रीन में प्रदर्शित हुई हो अथवा संबंधित देश के OTT प्लेटफार्म पर फिल्म प्रदर्शित हुई है। तद्नुसार ही अनुदान की धनराशि का निर्धारण किया जायेगा। 6. अनुदान के लिए विदेशी भाषाओं की फिल्मों की रिलीज हेतु परिषद द्वारा समय-समय पर मानक निर्धारित किये जा सकेंगे। 7. परिषद द्वारा अधिसूचित OTT पर प्रसारित फिल्में भी अनुदान हेतु पात्र होगी। 8. फिल्म का अनुदान फिल्म के निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा। 9. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। 10. अनुदान के लिए राज्य में हुए फिल्म प्रोडक्शन पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। फिल्म निर्माण पश्चात फिल्म पर हुए मार्केटिंग, प्रमोशन (प्रचार प्रसार) एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 11. फिल्म अनुदान के लिए सम्पूर्ण फिल्म व्यय के बजट के सापेक्ष, फिल्म व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिज़िटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 12. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित करने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय फिल्म निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
6.(5) टीवी सीरियल/ वेब सीरीज को अनुदान। हिन्दी तथा भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में उल्लेखित भाषा एवं उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोलियों में निर्माण अनुमन्य होगा।	(क) टीवी सीरियल/वेब सीरीज की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड में व्यय की गई धनराशि का 30 प्रतिशत या 3 करोड़ तक, जो भी कम हो की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ख) बाल टीवी सीरियल/ वेब सीरीज के लिए अनुमन्य अनुदान राशि की अतिरिक्त 10% प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। (ग) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जायेगा। (घ) टीवी सीरियल/वेब सीरीज में पांच मुख्य अभिनेताओं/ अभिनेत्रियों में से, उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी एक या उससे अधिक अभिनेताओं/ अभिनेत्रियों को मुख्य अभिनय हेतु शामिल किया जाता है, तो उस अभिनेता/ अभिनेत्री को सम्मिलित रूप से किये गए वास्तविक भुगतान या 10 लाख तक जो भी कम हो अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा, इस दिशा में पात्रता एवं अनुमन्यता हेतु परिषद का निर्णय अंतिम होगा। (ङ) यदि टीवी सीरियल/वेब सीरीज के निर्माण में मुख्य श्रेणियों	1. वेब सीरीज में न्यूनतम 5 एपिसोड (प्रत्येक एपिसोड न्यूनतम 30 मिनट) होने आवश्यक है। 2. टीवी सीरियल में न्यूनतम 20 एपिसोड (प्रत्येक एपिसोड न्यूनतम 22 मिनट) होने आवश्यक है। 3. वेब सीरीज अथवा टीवी सीरियल की कुल लम्बाई का 75 प्रतिशत फिल्मांकन (शूटिंग) उत्तराखण्ड राज्य में किया जाना आवश्यक है, तथा 75 प्रतिशत स्क्रीन टाइम उत्तराखण्ड राज्य का अवश्य होना चाहिए। 4. परिषद द्वारा निर्गत अनुमति पत्र। 5. टीवी सीरियल/वेब सीरीज के प्रसारण के लिए सम्बंधित प्लेटफॉर्म/चैनल द्वारा प्रसारण का प्रमाण पत्र। 6. टीवी सीरियल/वेब सीरीज की शूटिंग न्यूनतम 4K रेजुलेशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता प्रसारित प्लेटफॉर्म के मानकों के अनुसार होनी चाहिए। 7. वेब सीरीज का प्रसारण परिषद द्वारा अधिसूचित OTT प्लेटफार्म पर होना आवश्यक है। वेब सीरीज के सभी एपिसोड का प्रसारण होने/रिलीज होने के उपरांत ही आवेदन कर सकेंगे 8. टीवी सीरियल के सभी एपिसोड का प्रसारण ऐसे चैनल पर होना चाहिए जो किसी भी 3 राष्ट्रीय स्तर के डीटीएच पर हो। टीवी सीरियल के कुल एपिसोड के 50% का प्रसारण हो जाने के उपरांत ही अनुदान हेतु आवेदन किया जा सकेगा। 9. टीवी सीरियल/वेब सीरीज की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना होगा। 10. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
	1. सिनेमेटोग्राफी 2. आर्ट डायरेक्शन 3. साउंड डायरेक्शन/ इंजीनियरिंग, 4. म्यूजिक डायरेक्शन 5. एडिटिंग में उन तकनीशियनों को शामिल किया जाता है, जो उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी हों तो, अधिकतम पांच तकनीशियनों को सम्मिलित रूप से किये गये वास्तविक भुगतान या 10 लाख तक जो भी कम हो अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा, इस दिशा में पात्रता एवं अनुमन्यता हेतु परिषद का निर्णय अंतिम होगा। (च) जिन फिल्म निर्माताओं द्वारा, परिषद द्वारा निर्धारित राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के नये शूटिंग लोकेशंस में कम से कम 7 दिन टीवी सिरियल/वेब सीरीज की शूटिंग की जायेगी, ऐसे फिल्म निर्माता को अनुमन्य अनुदान का 5 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा। नए शूटिंग लोकेशंस का चयन परिषद द्वारा पर्यटन विभाग की सलाह से किया जायेगा। (छ) उत्तराखण्ड की लोकेशंस का वास्तविक नाम प्रयोग करने पर अनुमन्य अनुदान का 5% अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा।	11. उत्तराखण्ड के कलाकार/तकनीशियन होने की दशा में स्थाई निवास प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य होगा। 12. अनुदान के लिए राज्य में हुए टीवी सीरियल/ वेब सीरीज प्रोडक्शन पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। टीवी सीरियल/वेब सीरीज निर्माण पश्चात टीवी सीरियल/वेब सीरीज पर हुए मार्केटिंग, प्रमोशन (प्रचार प्रसार) एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 13. अनुदान के लिए सम्पूर्ण टीवी सीरियल/ वेब सीरीज व्यय के बजट के सापेक्ष, वेब सीरीज व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिज़िटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 14. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित करने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय फिल्म निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे। 15. टीवी सीरियल/ वेब सीरीज के लिए कर सकते हैं, अनुदान निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
6.(6) डाक्यूमेंट्री के लिए अनुदान	(क) उत्तराखण्ड में शूट की गई डॉक्यूमेंट्री के लिये राज्य में व्यय की गई धनराशि का 30 प्रतिशत या ₹ 15 लाख तक जो भी कम हो, की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ख) यदि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की डाक्यूमेंट्री की शूटिंग भारत में होती है, और उसका 50 प्रतिशत शूट उत्तराखण्ड राज्य में हुआ है या पूरी फिल्म का 50 प्रतिशत स्क्रीन टाइम उत्तराखण्ड की लोकेशंस की शूटिंग का होने पर राज्य में व्यय की गई धनराशि का 50 प्रतिशत या 15 लाख तक जो भी कम हो, की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ग) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जावेगा।	1. डाक्यूमेंट्री का 75 प्रतिशत फिल्मांकन (शूटिंग) उत्तराखण्ड राज्य में किया जाना आवश्यक है, तथा फिल्म का 75 प्रतिशत स्क्रीन टाइम उत्तराखण्ड राज्य का होना आवश्यक है। 2. डाक्यूमेंट्री का शूटिंग 4K रेज़लुशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता प्रसारित प्लेटफॉर्म, चैनल्स के मानकों के अनुसार होनी चाहिए। 3. सेंसर बोर्ड प्रमाण पत्र आवश्यक है। 4. प्रसारित प्लेटफॉर्म/महोत्सव का प्रमाणित अनुबंध पत्र आवश्यक है। 5. परिषद द्वारा निर्गत अनुमति पत्र। 6. डाक्यूमेंट्री की शूटिंग अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना होगा। 7. डॉक्यूमेंट्री, किसी भी एक राष्ट्रीय या अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान परिषद द्वारा अधिसूचित संस्था या प्लेटफॉर्म द्वारा पुरस्कृत की गई हो। जिसका प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, अथवा ऐसा कोई भी अभिलेख जिसे परिषद उचित समझे। 8. अनुदान फिल्म के निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा। 9. परिषद द्वारा अधिसूचित OTT पर प्रसारित डाक्यूमेंट्री भी अनुदान हेतु पात्र होंगी, किन्तु संबंधित निर्माता/कम्पनी को OTT प्लेटफॉर्म के साथ सम्पादित अनुबंध-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। 11. अनुदान के लिए राज्य में हुए डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रोडक्शन पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। डॉक्यूमेंट्री निर्माण पश्चात डाक्यूमेंट्री पर हुए मार्केटिंग, प्रमोशन

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
		(प्रचार प्रसार) एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 12. अनुदान के लिए सम्पूर्ण डाक्यूमेंट्री व्यय के सापेक्ष, फिल्म व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिज़िटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 13. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित करने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय डॉक्यूमेंट्री निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे। 14. अनुदान निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा।
6. (7) लघु फिल्म हेतु अनुदान	(क) लघु फिल्म (हिंदी, अन्य भारतीय भाषा व उत्तराखण्डी क्षेत्रीय बोली) को राज्य में व्यय की गई धनराशि का 50 प्रतिशत या 5 लाख तक जो भी कम हो, की धनराशि का अनुदान दिया जा सकता है। (ख) अनुदान की अधिकतम सीमा के अंतर्गत अंतिम रूप से अनुदान की धनराशि का निर्धारण फिल्म की गुणवत्ता तथा तकनीकी पक्षों के आंकलन के आधार पर किया जायेगा।	1. लघुफिल्म का 100 प्रतिशत फिल्मांकन (शूटिंग) उत्तराखण्ड राज्य में किया जाना आवश्यक है। 2 लघुफिल्म की शूटिंग में न्यूनतम 4K रेजुलेशन अथवा उच्चतर और साउंड गुणवत्ता डॉल्बी डिजिटल अथवा उच्चतर होनी चाहिए। 3. सेंसर बोर्ड का प्रमाण पत्र आवश्यक है। 4. परिषद द्वारा निर्गत अनुमति पत्र। 5. लघुफिल्म की अवधि में उत्तराखण्ड राज्य में व्यय की गई कुल धनराशि का विवरण, सी.ए. सर्टिफिकेट एवं बीजक प्रस्तुत करना होगा। 6. लघु फिल्म किसी भी एक राष्ट्रीय या अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर, प्रतिष्ठित संस्थान, परिषद द्वारा अधिसूचित संस्था या प्लेटफॉर्म द्वारा पुरस्कृत की गई हो। जिसका प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, अथवा ऐसा कोई भी अभिलेख जिसे परिषद उचित समझे। 7. लघुफिल्म का अनुदान फिल्म के निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को प्रदान किया जायेगा।

श्रेणी	फिल्म अनुदान	पात्रता
		8. क्रेडिट रोल में राज्य में फिल्मांकित सभी लोकेशंस को उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। 9. परिषद द्वारा अधिसूचित OTT पर प्रसारित लघु फिल्में भी अनुदान हेतु पात्र होंगी, किन्तु संबंधित निर्माता/कम्पनी को OTT प्लेटफार्म के साथ सम्पादित अनुबंध-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10. अनुदान के लिए राज्य में हुए लघुफिल्म प्रोडक्शन पर हुए व्यय ही मान्य होंगे। लघुफिल्म निर्माण पश्चात लघुफिल्म पर हुए मार्केटिंग, प्रोमोशंस एवं रिलीज़ सम्बंधित व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होंगे। 11. लघु फिल्म अनुदान के लिए सम्पूर्ण फिल्म व्यय के सापेक्ष, फिल्म व्यय के 90 प्रतिशत भुगतान बैंक, चेक, ऑनलाइन, इंटरनेट बैंकिंग, UPI आदि डिज़िटल माध्यम द्वारा होना आवश्यक है। 12. कैश भुगतान को हतोत्साहित किया जायेगा, अपरिहार्य परिस्थितियों में CA द्वारा प्रमाणित होने पर ही नकद लेन देन पर आधारित व्यय स्वीकृत होगा, परन्तु किसी भी स्थिति में कुल नकद व्यय लघु फिल्म निर्माण के 10 प्रतिशत से अधिक के मान्य नहीं होंगे। 13. अनुदान निर्माता या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को ही प्रदान किया जायेगा।

हर की पैड़ी, हरिद्वार

7. उत्तराखण्ड फिल्म पुरस्कार

परिषद द्वारा समय समय पर फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। फिल्म महोत्सव किसी ख्याति प्राप्त संस्था के साथ भी आयोजित किया जा सकता है। फिल्म महोत्सव में राज्य सरकार द्वारा फिल्मों में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य के किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के नाम से फिल्म पुरस्कार प्रदान किया जायेगा तथा सर्वोत्तम हिन्दी तथा अन्य भाषा एवं उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोली की फिल्मों, जिसकी शूटिंग उत्तराखण्ड में की गई हो, के निर्माण से जुड़े व्यक्तियों, उत्तराखण्ड में फिल्म उद्योग से संबंधित प्रचार-प्रसार पत्रकारिता के माध्यम से किया गया हो, किसी लाइन प्रोड्यूसर ने अधिक से अधिक फिल्मों की शूटिंग उत्तराखण्ड में कराई हो, को सम्मानित करने के लिए वार्षिक राज्य फिल्म पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। फिल्म पुरस्कार हेतु प्रतिवर्ष दिनांक 01 जनवरी से 31 दिसम्बर, के बीच प्रदर्शित हिन्दी तथा अन्य भाषा एवं उत्तराखण्ड की क्षेत्रीय बोली की फिल्मों/डाक्यूमेंट्री फिल्मों पर विचार किया जायेगा। पुरस्कारों का चयन परिषद में गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

7.(1) ब्रांड एंबेसडर

राज्य में फिल्म संस्कृति और फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने तथा राज्य की छवि निर्माण के उद्देश्य से परिषद द्वारा ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय फिल्म जगत से अथवा किसी भी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सेलिब्रिटी को नामित/चयनित किया जा सकता है। अध्यक्ष परिषद द्वारा ब्रांड एम्बेसडर के लिये मानदेय और अन्य सुविधाओं के लिए परिषद के कोष से विवेकानुसार आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान की जा सकता है।

7.(2) परिषद् द्वारा आवश्यकता पड़ने पर राज्य की योजनाओं, पर्यटन स्थलों, एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं पर परिषद् द्वारा गठित समिति के अनुमोदनोपरांत प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं अथवा फिल्म प्रोडक्शन हाउसेस के अनुरोध एवं उनके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव आधार पर व्यावसायिक दरों पर फिल्म निर्मित कराई जा सकती हैं।

प्रस्ताव के परिक्षण हेतु निम्नानुसार समिति होगी।

1. CEO फिल्म विकास परिषद्
2. अपर निदेशक/अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी
3. CEO द्वारा नामित फिल्म उद्योग से विशेषज्ञ
4. वरिष्ठ वित्त अधिकारी
5. नोडल अधिकारी

उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन तथा वित्तीय स्वीकृति अध्यक्ष, फिल्म विकास परिषद्, (मा. मुख्यमंत्री) द्वारा प्रदान की जाएगी।

7.(3) सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा निर्मित की जाने वाली विज्ञापन फिल्मों में किसी प्रसिद्ध सिने कलाकार, सेलिब्रिटी को भूमिका देने हेतु पारिश्रमिक अध्यक्ष फिल्म विकास परिषद्, (मा. मुख्यमंत्री) की अनुमति से नियत किया जा सकता है। जिसका भुगतान परिषद् के द्वारा किया जायेगा।

7. (4) हिन्दी एवं अन्य भाषा की फिल्म हेतु पुरस्कार

क्र.सं.	पुरस्कार की श्रेणी	पुरस्कार की धनराशि
1	सर्वोत्तम फिल्म	2,00,000
2	सर्वोत्तम निर्देशक	1,50,000
3	सर्वोत्तम अभिनेता	1,00,000
4	सर्वोत्तम अभिनेत्री	1,00,000
5	सर्वोत्तम पटकथा लेखक	1,00,000
6	सर्वोत्तम गायक	1,00,000
7	सर्वोत्तम सहायक अभिनेता	1,00,000
8	सर्वोत्तम सहायक अभिनेत्री	1,00,000
9	सर्वोत्तम सिनेमेटोग्राफर	1,00,000

7. (5) क्षेत्रीय बोली की फिल्म हेतु पुरस्कार

क्र.सं.	पुरस्कार की श्रेणी	पुरस्कार की धनराशि
1	सर्वोत्तम फिल्म	2,00,000
2	सर्वोत्तम निर्देशक	1,50,000
3	सर्वोत्तम अभिनेता	1,00,000
4	सर्वोत्तम अभिनेत्री	1,00,000
5	सर्वोत्तम पटकथा लेखक	1,00,000
6	सर्वोत्तम गायक	1,00,000
7	सर्वोत्तम सहायक अभिनेता	1,00,000
8	सर्वोत्तम सहायक अभिनेत्री	1,00,000
9	सर्वोत्तम सिनेमेटोग्राफर	1,00,000
10	सर्वोत्तम एलबम गायक	1,00,000

7. (6) अन्य पुरस्कार

क्र.सं.	पुरस्कार की श्रेणी	पुरस्कार की धनराशि
1	लाइफटाइम अचीवमेंट फिल्म पुरस्कार (फिल्म क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए)	2,00,000
2	सर्वोत्तम लाइन प्रोड्यूसर (जो परिषद में पंजीकृत हो)	1,00,000
4	सर्वोत्तम डॉक्यूमेंट्री निर्माता (जो डॉक्यूमेंट्री किसी राष्ट्रीय या अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा पुरस्कृत की गई हो)	1,00,000
5	सर्वोत्तम लघु फिल्म पुरस्कार राज्य में फिल्मांकित सर्वोत्तम 3 लघु फिल्म पुरस्कार (जो किसी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा पुरस्कृत की गई हो)	प्रथम 1,50,000 द्वितीय 1,00,000 तृतीय 50,000
6	सर्वोत्तम वीलॉग, ट्रैवलॉग निर्माता (3 सर्वाधिक व्यूज (मोस्टव्यूड) मनोरम लोकेशन (डेस्टिनेशंस) और राज्य के स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों को दर्शाता Youtube / Facebook / Instagram या समकक्ष प्लेटफार्म पर प्रसारित वीलॉग, ट्रैवलॉग वीडियो।)	1,00,000
7	सर्वोत्तम म्यूज़िक वीडियो पुरस्कार (परिषद द्वारा अधिसूचित संस्था या प्लेटफॉर्म पर 3 सर्वाधिक व्यूज (मोस्ट व्यूड) मनोरम लोकेशन (डेस्टिनेशंस) और राज्य के स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों को दर्शाता Youtube / Facebook / Instagram या समकक्ष प्लेटफार्म पर प्रसारित वीडियो।)	प्रथम 1,00,000 द्वितीय 75,000 तृतीय 50,000

7.(7) उपरोक्त पुरस्कारों के अतिरिक्त अध्यक्ष परिषद द्वारा अधिकतम ₹ 10 लाख तक के अन्य पुरस्कार समय समय पर निर्धारित किये जायेंगे।

